Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide necessary equipment to the artist for the aim of National Mission on culture mapping.

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा): महोदय, हमारा भारत अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत के कारण पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ है । हमारी कला और संस्कृति कलाकारों का आधार है । दुनिया के जिस देश ने संस्कृति और कला की उपेक्षा की है, उस देश का पतन ही हुआ है । हाल ही में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ विश्व ने काशी में भारत की सांस्कृतिक श्रेष्ठता की अद्‌भूत छटा देखी है ।

महोदय, मेरा यह कहना है कि कला क्षेत्र और कलाकारों की कुछ गंभीर समस्याएं हैं । मैं स्वयं कलाकार होने की वजह से लोगों के लिए बहुत चिंतित हूं । हमारे देश के शास्त्रीय और अन्य विद्या के कलाकारों का अस्तित्व संकट में है । कोरोना महामारी की वजह से उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । जिसकी वजह से वह अपनी जीविका के लिए अपनी कला छोड़ कर दूसरे छोटे-छोटे काम करने पर मजबूर हुए हैं । मेरी सरकार से यही मांग है कि संस्कृति के वाहक इन कलाकारों के लिए आर्थिक सहायता की व्यवस्था की जाए, उनके लिए पेंशन की व्यवस्था हो । संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में कला और कलाकारों से संबंधित सूचना इकट्ठा करने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन कल्चरल मैपिंग की योजना शुरू की गई थी । कला और कलाकारों के संरक्षण के लिए यह अच्छी पहल थी । जिसके तहत ब्लॉक स्तर तक इन कलाकारों की सूचना इकट्ठी की जानी थी, लेकिन अब जानकारी मिली है कि नेशनल मिशन ऑन कल्चरल मैपिंग की योजना को संसाधन के अभाव में बंद कर दिया गया है । इसलिए मैं सरकार से निवेदन करती हूं कि इस योजना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराई जाएं ।

धन्यवाद ।